भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान

बरौंडा– 493 225 रायपुर (छ.ग.)

<u>हिन्दी सप्ताह</u> (14–20 सितम्बर, 2020)

संस्थान में दिनांक 14–20 सितम्बर, 2020 के दौरान हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ किया गया। हिन्दी सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे **श्रुतलेख**, सुलेख व निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हिन्दी सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 21 सितम्बर, 2020 को डॉ. प्रोबीर कुमार घोष, निदेशक एवं कुलपति एवं प्रोफेसर जय प्रकाश, शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर, स्नातकोत्तर, स्वशासी, महाविद्यालय, दुर्ग, छत्तीसगढ़ के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। निदेशक एवं कुलपति महोदय द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रषस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। निदेशक ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं शासकीय कार्य हिन्दी में करने पर जोर दिया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने 7 दिन चले विभिन्न कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। हिन्दी सप्ताह के सफल आयोजन के लिएं निदेशक एवं कुलपति महोदय ने डॉ. सुशील कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक एवं संचालक, डॉ. **विनय कुमार**, डॉ. **के सी शर्मा** एवं सभी सदस्यों की सराहना करते हुये राजभाषा को और अधिक प्रयोग के लिए सतत् प्रयास पर बल देने को कहा। डॉ. **अनिल दीक्षित** के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।